अतिआवश्यक
महत्वपूर्ण

संख्याः शिक्षा–एच(प्रार0)(4)4–24 / 2010
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय
हिमाचल प्रदेश।
दिनांक, शिमला–171001 दिसम्बर, 2014

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय (हि॰प्र॰)
27 DEC 2014
शिमला - 1

सेवामें,

समस्त उप शिक्षा निदेशक (प्रारम्भिक),
हिमाचल प्रदेश।

विषयः– दिसम्बर 2014 में संचालित की गई मिडल परीक्षा की उतरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन बारे।

महोदय :–

उपरोक्त बिषय के सन्दर्भ में सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा इस कार्यालय को सूचित किया गया है कि मिडल परीक्षा की उतरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए जिन **DIETs** संस्थानों में मूल्यांकन केन्द्र स्थापित किए गये हैं, उन डाईट संस्थानों में सम्बन्धित उप निदेशक (प्रारम्भिक शिक्षा) द्वारा उतरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु नियुक्त किये गये अध्यापकों ने बहुत कम संख्या में अपनी उपस्थिति दी है जिससे स्पष्ट है कि मिडल परीक्षा की उतरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में निश्चित तौर पर विलम्ब होगा जिसके कारण आपके द्वारा निधारिंत गए समय सीमा के भीतर परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने की सम्भावना कम प्रतीत होती है।

अतः आप से अनुरोध है कि जिन जिलों की **DIETs** संस्थानों में उतरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चल रहा है उन जिलों में उतरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु पर्याप्त संख्या में अध्यापकों की प्रतिनियुक्ति की जाए ताकि उतरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 3 से 4 दिनों में पूर्ण किया जा सके और मिडल कक्षा का परीक्षा परिणाम शीध्रातिशीध्र घोषित किया जा सके। कृत कार्यवाही से सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला तथा इस निदेशालय को अवगत करवाया जाए।

कृप्या इसे अतिआवश्यक एवं समयवद्व समझें।

सं निदेशक

पृष्ठांकन संख्याः सम दिनांक, शिमला–171001 दिसम्बर, 2014.
प्रतिलिपि :–

1. सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला को उनके पत्र संख्या हि0शि0बो0 (19)गोपनीय–1 / स्थल / दिसम्बर,2014–89883 दिनांक 23 दिसम्बर, 2014 के सन्दर्भ में सूचनार्थ प्रेषित है ।
2. रक्षक नस्ति ।

निदेशक